# रखलो नौकर खाटू वाले अपने धाम पे

रखलो नौकर खाटू वाले अपने धाम पे,
चरणों में तेरे मिल जाए सुख चारों धाम के.....

मुख पर तेरा नाम सदा हो सुन्दर हो छवि नैनो में,
काम यही सुबह शाम मेरा हो ध्यान लगाऊं चरणों में,
करूँ सेवा हर भगत की जो भी आये धाम पे,
चरणों में तेरे मिल जाए सुख चारों धाम के....
रखलो नौकर खाटू वाले........

मुखड़ा तेरा भोला भाला लगता सबको प्यारा है,
धन दौलत की कमी ना रहती जिसको तेरा सहारा है,
चरणों की तेरी धूली से तर जाए दास ये,
चरणों में तेरे मिल जाए सुख चारों धाम के,
रखलो नौकर खाटू वाले.......

मिलता है सच्चा सुख केवल बाबा तेरी नगरी में,
बिनती यही मैं लेकर आया रखना हरदम चरनी में,
करना पूरण कारज सारे अपने दास के,
चरणों में तेरे मिल जाए सुख चारों धाम के,
रखलो नौकर खाटू वाले......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30001/title/rakhlo-naukar-khatu-wale-apne-dhaam-pe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |